# सर्वोच्च 10 / लिंज़ के आकर्षण

www.linztourismus.at




## मुख्य चौक [हाउप्ट प्लाट्स] 1



मुख्य चौक एक अनोखा और आकर्षक स्थल है, जहाँ खड़ा है भव्य त्रिमूर्ति स्तंभ [द्रायफ़ाल्टिजकाइट्सज़ोयले]। डेन्यूब नदी के ठीक किनारे स्थित बारोक शैली में बनी रंग-बिरंगी इमारतें यूरोप के सबसे बड़े सार्वजनिक चौकों में से एक को घेरे हुए दिखाई पड़ती हैं। अनगिनत कैफ़े, रेस्तरां और पब आने-जाने वालों को यहाँ कुछ देर इत्मीनान से समय बिताने के लिए आमंत्रित करते हैं।

## बुरुकनरहॉस के साथ डोनापार्क 2

डोनापार्क शहर के बीचोंबीच आराम करने का रमणीय स्थल है जहां पर रेस्तरां, सार्वजनकि चत्रिशालाएं और बुरुकनरहॉस है। नदी कनारे स्थति कॉन्सर्ट हॉल में अद्वतीय श्रवणगम्यता है जो दर्शकों को क्लासकिल, जैज़, ऑर्केस्ट्रा तथा वशि्व भर का संगीत सुनने के लएि आकर्षति करता है।

## मैरएिन्डोम 3

मेरएिन्डोम शहर के बीचोंबीच शांतिका स्वरग है। यह ऑस्ट्रयि का सबसे बड़ा चर्च भी है। इसकी "स्वरग की सीढ़ी“ की 112 मीटर की ऊँचाई की सबसे ऊपरी पत्थर की बालकनी पर जाने के लएि 633 सीढ़यिाँ चढ़नी पड़ती हैं। चर्च के उच्चतम स्थान से ऑस्ट्रयि को देखने का दृश्य वास्तव में शानदार है।

## पुराना शहर [आल्टश्टाट] व किला संग्रहालय [श्लॉसम्यूज़ियम] 4

किले में एक महल संग्रहालय है, जो ऊपरी ऑस्ट्रिया के प्राकृतिक, सांस्कृतिक और कलात्मक इतिहास को प्रदर्शित करता है। इस विशाल इमारत की प्रमुख विशेषताएँ हैं इसका भव्य वास्तुशिल्प और यहाँ से दिखाई देने वाला बारोक शैली में बने पुराने शहर का नज़ारा। शहर के अन्य सभी केंद्रों की तरह यहाँ भी अनगिनत छोटी-बड़ी दुकानें पर्यटकों को शहर का भ्रमण करने के लिए आमंत्रित करती हैं।

## वोक्सगार्टन संगीत रंगमंच 5

संगीत नाटक, ओपेरा या नाट्य मंचन वोक्सगार्टन में स्थित इस संगीत रंगमंच में आपको सभी कुछ मिलेगा। 2013 में उद्घाटित इस प्रभावशाली इमारत की गिनती यूरोप के सबसे आधुनिक ओपेरा घरों में की जाती है। इस रंगमंच की अपनी प्रस्तुतियाँ सामान्य दर्शकों और समीक्षकों दोनों को उत्साहित और प्रभावित करती हैं।

## लेंटोस कला संग्रहालय [लेंटोस कंस्टम्यूसियम] 6

किसी विशाल फोटो फ्रेम की तरह लेंटोस की यह आधुनिक इमारत डेन्यूब नदी के किनारे खड़ी है। यह कला संग्रहालय आधुनिक समकालीन कला के सबसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों में गिना जाता है, जहाँ क्लिम्ट, कोकोश्का और शिएले जैसे कलाकारों की कृतियाँ संगृहीत हैं। रात को जगमग करता इसका अगवाड़ा बहुत अद्भुत लगता है।

## आर्स इलेक्ट्रॉनिक्सकेंद्र 7

"भविष्य को दर्शाने वाला संग्रहालय" कहलाया जाने वाला यह संग्रहालय समर्पित है आने वाली दुनिया को। यहाँ आयोजित होने वाली परस्पर संवादात्मक प्रदर्शनियाँ कलात्मक ढंग से विभिन्न तकनीकों और प्रौद्योगिकियों के कारण हमारी दिनचर्या पर पड़ने वाले प्रभावों को दर्शाती हैं। 3-डी एनीमेशन से भरपूर बहुमाध्यमीय कार्यक्रम गहन अंतरिक्ष8के भी अद्वितीय है।

## प्योस्टलिंगबर्ग 8

539 मीटर की ऊँचाई पर स्थित प्योस्टलिंगबर्ग तीर्थयात्री धाम शहर का प्रहरी है। केवल 20 मिनट में प्योस्टलिंगबर्ग की पर्वतीय ट्राम, जो विश्व की सबसे तीव्र ढलानों पर चलने वाली ट्रामों में से एक है, आपको इस "हॉज़बर्ग" [स्थानीय पर्वत] के ऊपर ले जाती है। चाहे शहर का मनोरम दृश्य प्रस्तुत करने वाला अवलोकन मंच हो, चिड़ियाघर हो या फिर "ग्रोटेनबहन" रेल से बौनों के देश की सैर - यह जगह एक बार देखने लायक है।

## वोएस्टाल्पीन श्टालवेल्ट 9

वोएस्टाल्पीन श्टालवेल्ट की इस अनोखी, ज्ञान और अनुभव की दुनिया में हर चीज़ इस्पात और उसके प्रयोग पर केंद्रित है। यहाँ की बहुमाध्यमीय अंतर्क्रियात्मक प्रदर्शनियाँ हमें इस्पात उत्पादन से लेकर तैयार वस्तुओं तक की संपूर्ण प्रक्रिया का दौरा कराती हैं। कारखाने और उत्पादन सुविधाओं के निर्देशित दौरे भी बहुत दिलचस्प हैं।

## भित्तिचित्र बंदरगाह [म्यूरल हार्बर] 10

50 मीटर तक ऊँची औद्योगिक इमारतों पर बने 100 से अधिक भित्तिचित्र या ग्राफिटी चित्रकलाएँ लिंज़ बंदरगाह की शोभा बढ़ाते हैं। यह "भित्तिचित्र बंदरगाह" विश्व की सबसे बड़ी, लगातार एक ही पंक्ति में बनी बाहरी ग्राफिटी गैलरियों में से एक है। बंदरगाह गैलरी के निर्देशित दौरे के बाद पर्यटक खुद स्प्रे कैन लेकर ग्राफिटी बना सकते हैं।